**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**18.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3907 का उत्तर**

**छत्तीसगढ़ में नई रेल लाइन**

**3907. श्री भोजराज नागः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) विगत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में शुरू की गई नई रेलगाड़ियों सहित शुरू किए जाने के लिए प्रस्तावित नई रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ख) क्या सरकार का विचार कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अंतागढ़-भानुप्रतापपुर रेल लाइन से अयोध्या तक नई रेलगाड़ी चलाने और निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस (12807) का विशाखापट्टनम से हरिद्वार (उत्तराखंड) तक विस्तार करने का है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): चूंकि, रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, इसलिए, ऐसी सीमाओं के आर-पार नेटवर्क संबंधी आवश्यकता के अनुसार रेलगाड़ियां शुरू की जाती हैं। बहरहाल, वित्त वर्ष 2019-20 और 2024-25 (31.10.2024 तक) के दौरान, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित स्टेशनों से 20829/20830 दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस (20.09.2024 से शुरू) सहित 09 रेलगाड़ी सेवाएँ आरंभिक/समापन आधार पर शुरू की गई हैं।**

**इसके अलावा, अंतागढ़-भानुप्रतापपुर क्षेत्र को सेवित करने वाली 06 रेलगाड़ी सेवाओं में से 04 रेलगाड़ियां रायपुर को संपर्कता मुहैया करा रही हैं, जहां से अयोध्या के रास्ते 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस की सेवा यात्रियों के लिए उपलब्ध है।**

**इसके अलावा, भारतीय रेल पर रेल सेवाओं की शुरूआत/विस्तार करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।**

*********